कृषि विज्ञान केन्द्र बिचपुरी में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2026-27 एवं एक दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक मेला हुआ आयोजित





अग्र भारत संवाददाता

आगरा। गुरुवार को कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2026-27 एवं एक दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक मेला कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी, आगरा के प्रांगण में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), आगरा, विनोद कुमार यादव, संयुक्त कृषि निदेशक, आगरा मण्डल, आगरा, नीरज रान, उप कृषि निदेशक (भू.सं.) आगरा मण्डल, आगरा, राजेश कुमार, उप कृषि निदेशक (कृ.र.) आगरा मण्डल, आगरा, मुकेश कुमार, कृषि निदेशक, आगरा, विनोद कुमार, जिला कृषि अधिकारी, आगरा, सतीश कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक (सहकारिता) आगरा, विकास सेठ, सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला) आगरा मण्डल, आगरा, नन्द किशोर, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, आगरा, अनुपम कुमार, सहायक उद्यान निरीक्षक, आगरा, डॉ. आर.पी.एस.चौहान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र बिचपुरी, आगरा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी, आगरा, डॉ. राधेश्याम सिंह, से.नि.विषय वस्तु विशेषज्ञ, डॉ. राजेश पाराशर, से.नि.पशु चिकित्साधिकारी, श्री गुफरान अहमद, अपर जिला कृषि अधिकारी, आगरा, मोहन सिंह चाहर, किसान नेता, लाखन सिंह त्यागी, प्रगतिशील कृषक, कार्मिकगण एवं जनपद के सुदूर क्षेत्रों से आये कृषक उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी , आगरा द्वारा गोष्ठी का फीता काट कर कृषि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों एवं कम्पनियों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करने के उपरान्त राजा बलवन्त सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया। उप कृषि निदेशक, आगरा द्वारा मुख्य अतिथि महोदय एवं मेले में आये अन्य सम्मानित अतिथियों तथा समस्त अधिकारियों / कार्मिकों / कृषकों का आभार प्रकट करते हुए कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, अनुदान पर बीज वितरण आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही रबी अभियान के लक्ष्य व विषय पर चर्चा की गयी।

श्री नीरज रान कटियार, उप कृषि निदेशक (भू.सं.) आगरा मण्डल, आगरा द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत खेत तालाब योजना में पर ड्रिप मोर क्रॉप के द्वारा जल सिंचित कर सिंचाई में प्रयोग एवं जनपद में खेत तालाब योजनान्तर्गत 20 खेत तालाब के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कृषकों को ऑनलाइन पंजीकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया।

श्री राजेश कुमार, उप कृषि निदेशक (कृ.र.) आगरा मण्डल, आगरा द्वारा फसलों को कीटों से सुरक्षा हेतु रसायनों का उचित मात्रा में प्रयोग करने हेतु व्यापक रूप से कृषकों को जानकारी दी। श्री नन्द किशोर, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, आगरा द्वारा जनपद के विभिन्न केन्द्रों पर बाजरा व मक्का की फसलों की क्रय किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। अनुपम कुमार, सहायक उद्यान निरीक्षक, आगरा द्वारा एम.आई.डी.एच./ राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अन्तर्गत नि:शुल्क बागवानी बीज उपलब्ध कराने एवं मुख्यमंत्री राज्य औद्योगिक विकास योजना (राज्य सेक्टर) के अन्तर्गत ट्रैक्टर, पावर टिलर एवं बागवानी हेतु ड्रिप इरीगेशन सिस्टम पर 90 प्रतिशत अनुदान के विषय में कृषकों को जानकारी दी गयी।

श्री विकास सेठ, सहायक निदेशक (मृदा परीक्षण प्रयोगशाला) आगरा द्वारा कृषकों को मिट्टी की जाँच कराकर तदनुसार संतुलित मात्राओं में उर्वरकों के प्रयोग करने की जानकारी दी गयी। डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी, आगरा द्वारा पशुपालन से प्रतिदिन की आमदनी एवं कृषकों द्वारा पशुओं को संतुलित मात्रा में आहार एवं पशुओं में धनैला रोग से बचाव के विषय में जानकारी दी। डॉ. राधेश्याम सिंह, से.नि.विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केन्द्र, बिचपुरी, आगरा द्वारा पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी। डॉ.राजेश पाराशर, से.नि.पशु चिकित्साधिकारी द्वारा पशुधन के उत्पादन, कम्प्रेस्ड बायोगैस एवं पशुओं में मुँहपका, खुरपका के उपचार हेतु होम्योपैथिक दवा मस्टॉल 200 एवं बोरेक्स 200 (10-10 बूँद) के उपयोग की जानकारी दी।

लोकगायक महावीर सिंह चाहर एवं उनकी टीम द्वारा लोक गीतों के माध्यम से कार्यक्रम को शोभायमान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि./रा0/.) महोदय, आगरा द्वारा कृषि यंत्रीकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्राकृतिक खेती योजनान्तर्गत कृषकों को प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अन्त में मेले में आये हुए सभी सम्मानित अतिथियों / कृषकगणों तथा समस्त विभागों एवं कम्पनियों के अधिकारियों / कर्मचारियों के धन्यवाद देते हुए मेले का समापन किया गया।

संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, एकता और अखंडता का आधार स्तंभ : सांसद

सांसद ने संविधान गौरव दिवस पर युवाओं को दिलाई संविधान की शपथ, मेधावी प्रतिभाओं का किया सम्मान



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। संविधान गौरव दिवस के अवसर पर शमशाबाद स्थित एन.डी. (पी.जी.) कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर ने मुख्य रूप से सहभागिता करते हुए उपस्थित युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने संविधान की महत्ता, उसके मूल्यों एवं आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए सभी को संविधान की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर सांसद राजकुमार चाहर ने शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सांसद राजकुमार चाहर ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के नेतृत्व में संविधान सभा के सदस्यों द्वारा निर्मित भारतीय संविधान हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था, न्याय, समानता एवं नागरिकों के मौलिक अधिकारों का आधार स्तंभ है। संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत प्रतीक है। इसकी गरिमा एवं मूल भावना को अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक देशवासी का नैतिक दायित्व है।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान में निहित अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। हम सभी को मिलकर एक सशक्त, समरस एवं विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक जितेंद्र वर्मा, कार्यक्रम संयोजक लाल सिंह राघव, ऋषि उपाध्याय, सोनू शर्मा, शैलू जादौन, नितिन वर्मा, राजेश कुशवाहा, रंजीत प्रधान, मंडल अध्यक्ष योगेश बघेल, मुकेश पचौरी, उमेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह सहित कॉलेज के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

शीतलहर से निपटने के लिए नगर निगम ने कसी कमर

आगरा। सर्दी और शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। शीतलहर के दौरान जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराने, प्रमुख स्थानों पर अलाव जलवाने और रैन बसेरों में ठहरने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इन सभी व्यवस्थाओं से संबंधित सूचनाएं आपदा प्रहरी ऐप अथवा राहत पोर्टल पर अपलोड करनी होंगी। नगर निगम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार की ओर से निर्देश जारी कर प्रभारी मुख्य अभियंता (सिविल) और प्रभारी केयरटेकर को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। निर्देश दिए हैं कि ठंड के दौरान जरूरतमंद और बेसहारा लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कंबलों की खरीद और वितरण की व्यवस्था नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और जरूरत के अनुसार चिह्नित स्थानों पर अलाव जलाने के इंतजाम किए जाएं, जिससे खुले में रहने वाले लोगों और राहगीरों को ठंड से राहत मिल सके।

मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम-फेज़-3 के तहत आगरा के 200 विद्यालयों के 20,000 छात्र-छात्राओं को मिलेगा आपदा सुरक्षा का प्रशिक्षण



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता वाले व अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व संदीप कुमार वर्मा की उपस्थिति में जनपद के 200 विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 20,000 छात्र-छात्राओं को आपदा से बचाव एवं सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को विकास भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 'मुख्यमंत्री स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम-फेज-3' के सफल क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन के प्रति बच्चों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे स्वयं और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि चयनित 200 स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित किया जाए।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के तहत भूकंप, अग्निकांड, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक या मानवजनित आपदाओं के समय प्राथमिक उपचार और बचाव के व्यावहारिक तरीके सिखाए जाएंगे।

बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS), जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (BSA) सहित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ विद्यालयों की सूची अंतिम रूप देने और प्रशिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

संविधान दिवस पर आगरा दक्षिण को बड़ी सौगात: रुई की मंडी में महर्षि वाल्मीकि प्रतिमा स्थल के कायाकल्प का शिलान्यास

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर रखी आधारशिला

महापुरुषों की विरासत का संरक्षण और सम्मान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता योगेंद्र उपाध्याय



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। संविधान दिवस के पावन अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी 'डॉ. बी. आर. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना' के अंतर्गत आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को बड़ी विकास सौगात मिली। क्षेत्र के रुई की मंडी तहसील रोड, प्राचीन वाल्मीकि मंदिर रेलवे पुल के समीप, कम्युनिटी स्कूल के सामने स्थित प्रतिमा स्थल के भव्य सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र उपाध्याय लाइव (वर्चुअल) माध्यम से जुड़े और विकास कार्यों की आधारशिला रखी।

बाबा साहेब के विचार समतामूलक समाज की नींव योगेंद्र उपाध्याय

लाइव कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्रीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल संविधान के शिल्पी ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अग्रदूत थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महापुरुषों की स्मृतियों और उनके प्रतिमा स्थलों को भव्य, सुरक्षित और सम्मानजनक स्वरूप देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। रुई का मंडी स्थित इस प्रातमा स्थल क सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की जनता को एक स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायी वातावरण मिलेगा, जो आने वाली पीढ़ियों को बाबा साहेब के आदर्शों से जोड़े रखेगा।

मंत्री उपाध्याय ने क्षेत्रीय लोगों को विश्वास दिलाया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूर्ण किए जाएंगे और आगरा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी।

क्या-क्या होंगे प्रमुख विकास कार्य ?

योजना के अंतर्गत प्रतिमा स्थल को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने के लिए प्रतिमा के ऊपर भव्य सुरक्षा छतरी (कैनोपी) और चारों ओर मजबूत बाउंड्री वॉल व रेलिंग का निर्माण।

सौंदर्यीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था

पूरे परिसर में आकर्षक फिनिशिंग, आधुनिक लाइटिंग और हरियाली (लैण्डस्केपिंग) का विकास, जिससे रात्रि के समय भी स्थल की भव्यता बनी रहे।

स्वच्छ एवं गरिमापूर्ण परिस

आमजन के बैठने और प्रतिमा पर माल्यार्पण करन क लए सुव्यवस्थित और स्वच्छ स्थान का निर्माण। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आलोकिक उपाध्याय, धीरज कोहली मंडल अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचरन,महानगर उपाध्यक्ष अनीता खरे, समाज सेवी गूलशन दयाल ,ओम प्रताप सिंह, मोहन बाबू, राधा रानी, सुनील करमचंदानी, सुमन,संजय दयाल दयाराम प्रजापति, साहिल,बबीता दयाल गुलशन दयाल,अमन, रतनलाल, डा. राजकुमार, अमर दास, माता प्रसाद, गौरव सारस्वत, संदीप वर्मा, रतनलाल, प्रशांत बाल्मिक,रामेंद्र,रमाशंकर त्यागी, राजा बाबू, अनिल, रतन, चरण सिंह अमरदास,राजकुमार सागर, संजय दयाल, राजन किरन बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिलान्यास के अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

मथुरा से आगरा आने वाले भारी वाहनों की नो-एंट्री, दक्षिणी बाईपास से किया डायवर्जन

सुबह पांच से रात 11 बजे तक लागू रहेगी व्यवस्था, रैपुरा जाट कट पर पुलिस की तैनाती



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। आगरा-मथुरा हाईवे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को रोकने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए मथुरा की ओर से आगरा आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया हैअधिकारियों के निर्देश पर लागू की गई इस व्यवस्था के तहत भारी वाहनों को उत्तरी बाईपास और रैपुरा जाट कट से दक्षिणी बाईपास की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। यह व्यवस्था सुबह पांच बजे से रात 11 बजे तक प्रभावी रहेगी।नो-एंट्री व्यवस्था का पालन कराने के लिए थाना सिकंदरा पुलिस औरयातायात पुलिस की संयुक्त टीम तैनात की गई है। पुलिसकर्मी रैपुरा जाट कट पर मुस्तैद रहकर मथुरा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को आगरा शहर की सीमा में प्रवेश करने से रोक रहे हैं। इन वाहनों को निर्धारित वैकल्पिक मार्ग से गंतव्य की ओर भेजा जा रहा है। हालांकि पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति करने वाले वाहनों, बसों और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को नियमानुसार आवागमन की छूट दी गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि आगरा-मथुरा हाईवे पर भारी वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण आए दिन जाम और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बनती रहती है। खासकर दिन के समय बड़े वाहनों के दबाव से दूसरे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नई व्यवस्था से आगरा की सीमा में भारी वाहनों का दबाव कम होने और सड़क हादसों पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों से निर्धारित डायवर्जन मार्ग का पालन करने की अपील की है।

पेट्रोल पंप और ढाबा संचालकों के व्यवसाय पर पड़ेगा असर।

रूट डायवर्जन और आगरा शहरी सीमा में सुबह 5:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक नो एंट्री की व्यवस्था से हाईवे किनारे संचालित पेट्रोल पंप और ढाबा व्यवसाय पर असर पड़ेगा। पहले दिन रूट डायवर्जन की व्यवस्था से पेट्रोल पंप और ढाबो पर सन्नाटा देखने को मिला हैं।

आगरा में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन



अग्र भारत संवाददाता

आगरा। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को पशुपालन विभाग द्वारा विकास भवन सभागार में प्रातः 10:00 बजे से विभागीय कार्मिकों एवं पशुपालकों के लिए 'प्रशिक्षण एवं प्रसार योजना' के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। संपूर्ण आयोजन अपर निदेशक डॉ. देवेंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. पाण्डेय के संयोजन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अमित कुमार ने जनपद में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समस्त पशु चिकित्सा अधिकारियों तथा पशुधन प्रसार अधिकारियों को विभागीय योजनाओं का लाभ पात्र पशुपालकों तक पहुँचाने और अधिक से अधिक लगन व निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. पाण्डेय ने उपस्थित कार्मिकों एवं पशुपालकों को पशुपालन विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.प्रियंका शुक्ला एवं डॉ. विपिन द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉ. विकास सचान (बमरौली कटारा), डॉ. भुवनेश सिंह (पशु चिकित्सा अधिकारी, बरौली अहीर) तथा डॉ.अंकित (पशु चिकित्सा अधिकारी, सैंया) ने नेपियर रूट की बुवाई, जूनोटिक बीमारियों, वन हल्थ प्रोग्राम, पशुआ म हान वाला प्रमुख बीमारियों, उनके लक्षणों, रोकथाम एवं टीकाकरण आदि विषयों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए।

समारोह के दौरान जनपद की पांच उत्कृष्ट गौशालाओं के प्रधानों एवं संचालकों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उच्च दुग्ध उत्पादक क्षमता वाले जनपद के पांच प्रगतिशील पशुपालकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी तथा पैरा वेट कर्मियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। अंत में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.डी.के.पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों, पशुपालकों एवं विभागीय अधिकारियों के प्रति धन्यवाद प्रेषित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



आम आदमी पार्टी ने स्थापना दिवस के साथ मनाया संविधान दिवस

कार्यकर्ताओं ने पटाखे चलाकर बांटी मिठाई

अग्र भारत संवाददाता

आगरा। आम आदमी पार्टी महानगर आगरा के द्वारा बोदला स्थित संविधान शिल्पी डाक्टर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं साफ सफाई का अभियान चलाया गया। क्षेत्र के नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं में मिठाई वितरण की गई, क्योंकि आज ही के दिन आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था ।

नए पुराने साथियों के साथ महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल एवं वरिष्ट नेता कपिल बाजपेई ने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया तथा जल्द ही पार्टी के संगठन को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक रूप से कर जाने वाले सभी कार्यक्रमों की चर्चा करी गई ।

आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिलीप बंसल, कपिल बाजपेई, डॉ. आर. पी. वर्मा, अशोक चंदन, सपना गुप्ता, शाहरुख, बिट्टू पंडित, मुरली बाबा, धर्मेंद्र सिंह, योगेश कुमार, मोहम्मद इस्माइल, शानू, सतीश, प्रशांत कुमार, मोनू सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे सभी साथियों ने आम आदमी पार्टी जिंदाबाद डॉ. अंबेडकर जिंदाबाद के नारे लगाए एवं आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के साथ आज का त्योहार मनाया ।